# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

निगम कार्यालय :: गच्ची बाउली, हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-सीसी/एम आर/04 दि. 21 जून, 2024

## प्रेस-विज्ञप्ति

## बी डी एल में 10वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया









**भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल)** में 10वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

कंपनी के कर्मचारियों ने योग दिवस समारोह के दौरान उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न 'आसन' किए और स्वास्थ्य व कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी।

17 जून 2024 से शुरू हुए इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की पूर्वपीठिका के रूप में उद्यम की सभी इकाइयों में कई योग सत्र आयोजित किए गए। साथ ही, योग पर निबंध लेखन प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरियाँ भी आयोजित की गईं। कर्मचारियों के बीच योग के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी बीडीएल इकाइयों में प्रमुख स्थानों पर बैनर भी प्रदर्शित किए गए।

**बीडीएल के सीएमडी कमोडोर ए माधवाराव (से.नि.)** ने सभी कर्मचारियों और उनके परिवार से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

श्री पी वी राजा राम, निदेशक (उत्पादन) ने वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 समारोह में भाग लिया।